हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में करोड़ों रुपये की राशि हस्तांतरित की। जिसमें लाडो लक्ष्मी योजना की 7वीं किश्त शामिल है।मुख्यमंत्री ने 9 लाख 76 हजार बहनों के खाते में 205 करोड़ रुपये की राशि जारी की।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनों के तहत 35 लाख 62 हजार लाभार्थियों को 1146 करोड़ 73 लाख रुपए जारी किए गए।इसी तरह मुख्यमंत्री ने किसान मुआवजा राशि भी जारी की।

इसके इलावा दयालु योजना के तहत 5,677 परिवारों को 215 करोड़ 29 लाख रुपए की सहायता राशि और 11 लाख 23 हजार बहनों के खाते में गैस सिलेंडर सब्सिडी के 38 करोड़ 54 लाख रुपये की राशि जारी की गई। साथ ही 64,923 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 100 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि डिजिटल माध्यम से प्रदान की गई।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

आकाशवाणी की स्थापना की 90वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज सुबह राजधानी दिल्ली में मैराथन का आयोजन किया गया। लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की यह दौड़ आकाशवाणी भवन से शुरू होकर कृषि भवन, रेल भवन और रिजर्व बैंक भवन होते हुए आकाशवाणी भवन में संपन्न हुई। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन तथा दूरदर्शन सहित प्रसार भारती में कार्यरत सभी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने इस मैराथन में भाग लिया। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श वाक्य के साथ आकाशवाणी की स्थापना वर्ष 1936 में हुई थी। यह देश का सर्वाधिक विश्वसनीय प्रसारण माध्यम है, जो विभिन्न भाषाओं में समाचार बुलेटिन के अलावा संगीत, मनोरंजन और जन उपयोगी कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश का सरकारी अनाज भंडार छह सौ चार लाख टन से अधिक हो गया है। यह मात्रा बफर स्टॉक यानी अनिवार्यता के समय की आवश्यक मात्रा से लगभग तीन गुणा अधिक है। श्री जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गेंहू और चावल के सुरक्षित भंडार से देश में कल्याणकारी योजनाओं तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

इस बीच, सरकार ने कहा है कि 6 मई तक मंडियों से 78 लाख 96 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 75 लाख 63 हजार मीट्रिक टन था।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा प्रदूषण  नियंत्रण बोर्ड व कृषि कल्याण संगठन ने पराली प्रबंधन को लेकर संयुक्त प्रयास शुरू कर दिए हैं। राज्य सरकार पराली प्रबंधन को लेकर प्रति एकड़ 1200 रूपये की प्रोत्साहन राशि दे रही है।भिवानी में प्रदूषण  नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी  ने बताया कि जिले में किसानों को परली जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि पराली जलाने वाले किसानों को सरकार से मिलने वाले अनुदान बंद कर दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पराली जलाने वाले किसानों पर नजर रखी जा रही है। अभी तक भिवानी जिले में इंटरनेट के माध्यम से 74 पराली  जलाने के मामले सामने आए हैं, इनमें से 18 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है और एक मामले में 5 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

---

इंडिया एआई और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तेजी से अपनाने के लिए नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि यह साझेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार और व्यापक अनुप्रयोग के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

---

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पलवल ज़िला न्यायालय द्वारा कल 9 मई को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए 7 बेंचों का गठन किया गया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं ज़िला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव हरीश गोयल द्वारा जारी आदेश में इन बेंचो के लिए विभिन्न न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की ड्यूटी निर्धारित की गई है, जो राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर अलग- अलग प्रकार के मामलों की सुनवाई करेंगे।

---